सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

<u>संख्या– **191**</u>
10/03/2026

पूर्व विधायक सतीश कुमार के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 10 मार्च 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अस्थावां एवं सूर्यगढ़ा के पूर्व विधायक सतीश कुमार के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि सतीश कुमार जी एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

****